an>

Title: Need to make boarding and deboarding facilities in Mumbai local trains differently abled friendly.

**श्री मनोज कोटक (मुम्बई उत्तर-पूर्व):** महोदय, मुंबई शहर की लोकल ट्रेनों में दिव्यांगजनों का सफर कर पाना काफी कठिन है । मुम्बई लोकल में काफी भीड़ होती है और दिव्यांगों के लिए विशेष व्यवस्था कम होने के कारण हमारे दिव्यांगजन इन लोकल ट्रेन्स में यात्रा कर पाने में असमर्थ हैं । एक वर्ष पूर्व ही एक 22 वर्षीय दिव्यांग लड़की ओवर क्राउडेड लोकल ट्रेन पर डोम्बीवली से घाटकोपर तक सफर करते हुए लोकल ट्रेन से गिर गई जिसके कारण उसकी जान चली गई । इसी वर्ष फरवरी माह में एक दिव्यांग पुरुष की मृत्यु पनवेल स्टेशन पर चढ़ते हुए संतुलन खोकर गिरने के कारण हो गई थी । दिव्यांगजनों के अनुकूल बनाने के रेलवे के प्रयासों के बावजूद न तो लोकल ट्रेन और न ही रेलवे स्टेशन दिव्यांगजनों के आने-जाने के लिए पूरी तरह से अनुकूल बन पाए हैं । इसलिए मेरा माननीय रेल मंत्री से निवेदन है कि मुम्बई लोकल में विशेष रूप से रेल पर चढ़ने और उतरने के लिए दिव्यांगजनों के लिए उचित व्यवस्था की जाए और खास तौर पर पीक ऑवर में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए, जिससे दिव्यांगजन सुगमतापूर्वक यात्रा कर सकें । सभी रेलवे स्टेशनों को भी दिव्यांगजनों के लिए अनुकूल बनाया जाए और ऐसी व्यवस्था की जाए जिससे कि दिव्यांगजन अगर मदद मांगें तो रेलवे अथॉरिटी तुरंत सहायता पहुंचा सके । हम आशा करते हैं कि मुम्बई लोकल में दिव्यांगजनों को तुरन्त हरसम्भव सहायता पहुंचाने के अनुकूल बनाया जाएगा, ताकि आने वाले समय में कोई अप्रिय घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो सके ।